हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]







## सिरपुर में हुई चित्रोत्पला आरती

**सिरपुर** के गंधेश्वर महादेव नदी तट पर रविवार को चित्रोत्पला गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु और कांवर यात्री आरती में शामिल हुए। मुख्य जजमान शिवशंकर, शेषनारायण अग्रवाल एवं ताहुतदार परिवार से बलदाऊ गिरी गोस्वामी ने विधि विधान से पूजन कार्य पूर्ण कराया। धर्मेंद्र, अमन, मेघराज, हेमंत गिरी, तोषणगिरी गोस्वामी ने शंखनाद गंगा आरती की शुरुआत की। इसके बाद मयूर, वस्त्र, जल से आरती उपरांत मां गंगा की भव्य दीप आरती की। पश्चात जजमान परिवार व श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। श्रद्धालुओं और कांवरियों के लिए रानी सागर के कलाकारों ने संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जो देर रात तक चलता रहा। आरती पूजन उपरांत श्रद्धालुओं को अभिषेक किया हुआ रुद्राक्ष का वितरण भी किया गया।



### आस्था : कपूरयुक्त जल से हुआ बम्हनेश्वर नाथ महादेव का अभिषेक

# जल लेकर सिरपुर पहुंचे 12 हजार कांवड़िए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन के तीसरे सोमवार को सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव के जलाभिषेक व पूजा -अर्चना के लिए मंदिर परिसर से सिरपुर बस स्टैंड तक लंबी कतार लगी रही। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों का अनुमान है कि आज तीसरे सोमवार को 12 हजार से अधिक कांवरिए जिले के विभिन्न स्थानों से जल लेकर गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने पहुंचे।

बता दें कि 11 जुलाई से शुरू सावन माह के बाद पहले और दूसरे सोमवार को सिरपुर के गंधेश्वर महादेव में जलाभिषेक करने सीमित संख्या में कांवरिए यहाँ पहुंचे थे। तीसरे सावन सोमवार को जलाभिषेक के लिए जिले के अनेक स्थानों से कांवरिए जल लेकर शनिवार को सिरपुर के लिए प्रस्थित हुए।

जिला मुख्यालय से लगे बम्हनी के पवित्र कुण्ड से शनिवार को लगभग 8 हजार से अधिक कांवरिए जल लेकर सिरपुर के लिए प्रस्थित हुए। कांवरियों के लिए रास्ते के कई स्थानों में समितियों की ओर से भोजन प्रसादी की व्यवस्था और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया था।



### सिरपुर में लगा कांवड़ियों का मेला

सिरपुर में सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करने हजारों की संख्या में कांवरिये पहुंचे थे। सभी तरफ केवल कांवरिए ही नजर आ रहे थे। कांवरियों के लिए सजी दुकाने और भीड़ के कारण सिरपुर में मेला का माहौल था। लोक निर्माण विभाग द्वारा यज्ञशाला में कांवर स्टैंड की व्यवस्था की गई है। जिसमें केवल कांवर ही नजर आ रहे थे। सिरपुर पहुंचने वाले कांवरियों के लिए बोल बम सेवा समिति में जोगिंदर सिंह, निरंजन सिंह एवं लक्ष्मण पटेल परिवार की ओर से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। वही यज्ञशाला में दोपहर में दीपक सोनी ग्रुप ने पुलाव सब्जी की व्यवस्था कर रखी थी। इसी तरह कबीर आश्रम में भोरिंग के ग्रामीणों व अन्य स्थानों में भी कांवड़ यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था श्रद्धालुओं ने की थी। ट्रैक्टर व अन्य साधनों में साथ चल रहे कांवरियों के ग्रुप ने स्वयं अपने लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कर रखी थी।

### हजारों कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

अनुमान है कि तीसरी सावन सोमवार को करीब 12 से 15 हजार कांवर यात्री जलाभिषेक करने पहुंचे थे। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने गर्भगृह में जाने से मनाही की और बाहर से ही जलाभिषेक की व्यवस्था कराई। बाहर में जलपात्र में जल अर्पण कांवरिया करते रहे जो सीधे शिवलिंग पर अर्पण होता रहा। बम्हनी के बम्हनेश्वर महादेव में तीसरे सोमवार को कपूरयुक्त जल से अभिषेक किया गया। मुख्य जजमान होरीलाल पांडेय व सर्वराकार डा. संतोष अग्रवाल ने बताया कि रात्रि में कपूर भीगोकर कपूर युक्त जल बनाया गया था। जिससे अभिषेक किया इस दौरान मंदिर परिसर कपूर की खुशबू से महकता रहा।









## खबर संक्षेप

### नगर में आओ सखी सावन कार्यक्रम कल

**महासमुंद।** आओ सखी सावन में कार्यक्रम का आयोजन 30 जुलाई को दोपहर 2 बजे स्थानीय टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, प्रिया सिन्हा, महिला बैंक अध्यक्ष अरुणा शुक्ला, डॉ ज्योति चोपड़ा, डॉ रश्मि चंद्राकर, सभी समाज के अध्यक्षगण, वी अपराजिता क्लब के ममता जायसवाल व सदस्यगण मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में एकल, ग्रुप डांस, गेम्स प्रतियोगिता होगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए साधना सिंह नैनी सभी महिलाओं को हरी एवं पीली साड़ी में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### निर्मला घाट बनाने 2 लाख की राशि स्वीकृत

**भंवरपुर।** ग्राम पंचायत मेढ़ापाली अंतर्गत ग्राम ठूठापाली में निर्मला घाट के निर्माण के लिए जनपद पंचायत विकास निधि से 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। बता दें कि ग्रामवासियों ने लंबे समय से निर्मला घाट के निर्माण की मांग की थी। उनकी मांग थी कि घाट का निर्माण किया जाए। ताकि वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकें। जनपद सदस्य मधु खुटे ने ग्रामवासियों की मांग को सुना और इसके लिए प्रयास किया और अपने जनपद पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत 02 लाख की राशि निर्मला घाट निर्माण के लिए अनुशंसा की है। जनपद सदस्य खूंटे ने बताया कि ग्रामवासियों की मांग थी कि उन्हें एक निर्मला घाट की आवश्यकता है।

### 20 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 5 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत पानी में डूबने से मृत्यु होने पर ग्राम पतेरापाली के मृतक मंगलू खुमरी की पत्नी सुस्मिता खुमरी के लिए, ग्राम टेंगनापाली के मृतक जेहरूलाल भोई का भाई सौभाग्य भोई के लिए एवं ग्राम तोरेसिंहा के मृतक शांति बरिहा की पत्नी सोनतना बरिहा के लिए तथा सर्पदंश से मृत्यु होने पर ग्राम बलौदा के मृतक रमेश दीवान की पत्नी अंजू दीवान के लिए एवं बिच्छू से डंक मारने से मृत्यु होने पर ग्राम बलौदा के मृतक लिलेश्वर मिर्धा उर्फ निलेश्वर मिर्धा के पिता भरतलाल मिर्धा के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# पंचकोसी यात्रियों का नपाध्यक्ष निखिलकांत ने किया स्वागत

## यात्रा में शामिल सभी यात्रियों के लिए नपाध्यक्ष की ओर से की गई भोजन प्रसादी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिव भक्त पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू अंचलवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर प्रतिवर्ष अपने हजारों समर्थकों व श्रद्धालुओं के साथ पंचकोशी यात्रा पर निकलते हैं। उनकी धार्मिक यात्रा आज बम्हनी पहुंची। इस दौरान महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व उनके समर्थकों ने पंचकोशीय यात्रा का स्वागत किया तथा सभी यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कराई। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू सहित समस्त यात्रियों ने भगवान बम्हनेस्वर नाथ की पूजा कर नपाध्यक्ष द्वारा आयोजित भंडारा प्रसादी में प्रसाद ग्रहण किया। स्वागत पश्चात यात्रा आगे बढ़ी। नपाध्यक्ष साहू ने बताया कि प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना को लेकर पूर्व मंत्री साहू पंचकोशीय यात्रा पर निकलते हैं। इस धार्मिक पंचकोशी यात्रा के दौरान वे तीन प्रमुख जिले रायपुर, महासमुंद एवं



गरियाबंद में विराजमान सात प्राचीन शिवलिंग का विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक करते हैं। नपाध्यक्ष साहू कई वर्षों से हजारों समर्थकों एवं शिव भक्तों के साथ हर साल श्रावण के महीने में सोमवार को अपने बुलेट मोटरसाइकिल से स्वयं चलाते हुए यात्रा पर निकलते हैं एवं परिक्रमा पूरी करते है। स्वागत के दौरान मुख्य रूप से पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू, कपिल साहू, मिंदर चावला, भरत सिंह ठाकुर, महेंद्र साहू, शुकदेव साहू, लहरी सिंह ठाकुर, पोखन ठाकुर, नरेश गोयल, राजेंद्र साहू, सुल्तान बागड़ी, रवि साहू, फलेंद्र निषाद, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, होरी साहू, दामु साहू, मासूम पांडेय, रतन पाल, नीतीश साहू, रमेश राव, टेकेंद्र यादव, बिला साहू, आयुष भोसले, आर्यन गिलहरे, कुणाल सेन, नागेश साहू, पुष्कर साहू, जीत चंद्राकर, राज चंद्राकर, अरविंद साहू, राकेश यादव, केशव मानकीपुरी, फ़लेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## कार्य : सीसी रोड कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

# विष्णुदेव के सुशासन में नहीं रुकेगी विकास की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सिरपुर में रविवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने 30 लाख से प्रस्तावित सीसी रोड का भूमिपूजन किया। बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक राजू सिंहा ने विधि विधान से भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि ऐतिहासिक नगरी सिरपुर पूरे विश्व में विख्यात है। हमारे लिए गर्व की बात है कि सिरपुर हमारे जिले और विधानसभा क्षेत्र में आता है। गंधेश्वरनाथ महादेव की कृपा से हमारा महासमुंद विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मेरा पूरा प्रयास है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के लिए मैं बेहतर कार्य कर सकूं। मुझे जो



जिम्मेदारी मिली है उसे मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाने का पूरा प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। हमारी सरकार में शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की गति तेज हुई है। हमारा उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। इसके लिए लगातार विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। हमारी सरकार किसान भाइयों के हित में कार्य कर रही है। गरीबों को आवास देने का कार्य कर रही है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने के अभियान में अग्रसर हो रही है।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा वरिष्ठ नेतागण रमेश साहू, मंगेश टांकसाले, संदीप घोष, श्याम साकरकर, पप्पू पटेल, ग्राम सरपंच पुष्पा के आर माली, उपसरपंच राजेश सिंह ठाकुर, राजू साहू, राधेश्याम ध्रुव, नंदकिशोर, दशरी ध्रुव, सुनील पटेल, गोपी ध्रुव, दिलीप ध्रुव, सुखीराम हिरवानी, दुलरवा राम, नकुल सेन, लाला निषाद, अभिषेक पांडे, उमेश साहू, डॉ सोहन साहू, कामदेव ध्रुव, रामायण ठाकुर, महेंद्र सिक्का, दऊवा निषाद सहित समस्त पंचगण व अन्य उपस्थित रहे।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जीएनएम की छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता

## हेपेटाइटिस से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे के मागदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चन्द्राकर (एनवीएचसीपी) की उपस्थिति में शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण संस्था में नर्सिंग छात्राओं द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान हेपेटाइटिस से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने जानकारी देते हुए बताया कि हेपेटाइटिस का मुख्य कारण एल्कोहॉल के साथ-साथ नान-एल्कोहॉल फैटी लिवर भी होता है, हेपेटाइटिस से सावधानी बरतने के लिए एल्कोहॉल के साथ-साथ जंक फूड सेवन न करने की सलाह दी गई, हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण बुखार व थकान, भूख कम लगना, उल्टी, त्वचा में खुजली, गहरे रंग का पेशाब, शरीर में दर्द इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हेपेटाइटिस बी व सी के बारे में भी बताया गया कि असुरक्षित इंजेक्शन, गोदना, कान-नाक छिदवाने में संक्रमित सूई और स्याही के उपयोग, संक्रमित यौन संबंध और संक्रमित रक्त के संपर्क में आने से फैलता है। इससे बचाव के लिए इंजेक्शन और रेजर ब्लेड का एक ही बार उपयोग करें। रक्त पंजीकृत ब्लड बैंक से लें, नवाजातों को हेपेटाइटिस बी की खुराक दें, हेपेटाइटिस पॉजिटीव माताओं से जन्मे नवजात को 24 घंटे में हेपेटाइटिस इम्यूनो ग्लोबिन और एचबीआई जी इंजेक्शन लगाना जरूरी हैं। हेपेटाइटिस बी और सी निःशुल्क जांच, परामर्श, ईलाज और टीकाकरण की सुविधा जिले के सभी शासकीय अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध है। लोगों से अपील की गई कि वे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।




## कचहरी चौक में एनएसयूआई ने किया भंडारा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय कचहरी चौक में एनएसयूआई द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा स्वल्पाहार प्रदान किया गया। नपाध्यक्ष साहू ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों को स्वल्पाहार परोसा। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, होरी साहू, दामु साहू, मासूम पांडेय, रतन पाल, नीतीश साहू, रमेश राव, टेकेंद्र यादव, बिला साहू, आयुष भोसले, आर्यन गिलहरे, कुणाल सेन, नागेश साहू, पुष्कर साहू, जीत चंद्राकर, राज चंद्राकर, अरविंद साहू, राकेश यादव, केशव मानकीपुरी, फलेश साहू आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का हुआ सामूहिक श्रवण

## भाजपा मंडल पिथौरा अध्यक्ष के निवास पर जुटे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 124वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण भाजपा मंडल पिथौरा के अध्यक्ष आशीष शर्मा के निवास ग्राम लाखागढ़ में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत राम सूर्या, सेतराम पटेल, शशि डडसेना, रैदास गोयल, भाजपा महामंत्री जतीन ठक्कर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, लाखागढ़ सरपंच



प्रियरंजन कोसरिया, विक्की सलूजा, दुलीकेशन साहू, राजा खनूजा, पार्षद रामकुंवर सिन्हा, पार्षद पुष्पकांत पटेल, बबलू सोनी, वेदप्रकाश गोयल, लक्ष्मी सिन्हा, टीके यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि मन की बात केवल एक संवाद नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी हर एपिसोड में देशवासियों को नई जानकारी, प्रेरक विचार और सामाजिक चेतना से जोड़ने का कार्य करते हैं। हमें न केवल इसे सुनना चाहिए, बल्कि अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास भी करना चाहिए।




### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस (वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे) उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक व पूर्व-प्राथमिक कक्षा के बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने तितली, भालू, शेर, चीता आदि का रूप धारण कर प्रकृति और वन्यजीवों की सुंदरता को मंच पर जीवंत किया एवं उनकी सुरक्षा का संदेश दिया। ताकि, पारिस्थितिकी तंत्र नियंत्रित रहे। बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगों और विचारों से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। नौशीन बानो ने कार्यक्रम में अपने विचारों को साझा करते हुए संकटग्रस्त वन्य जीव प्रजातियों और प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पूर्ण एवं प्रभावशाली भाषण दिया। इस कार्यक्रम में हेड मिस्ट्रेस मिताली गुरुंग एवं नंदा रंगारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की इंचार्ज प्रीति ठाकुर एवं तरनप्रीत कौर रहीं, जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन हेड मिस्ट्रेस मिताली गुरुंग ने किया।

## विजय दिवस पर शहीद स्मारक में पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक परिसर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। 26 जुलाई को हर वर्ष मनाया जाने वाला यह दिवस भारतीय वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है।

समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं खरोरा की सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर व अन्य अतिथियों द्वारा शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। सरपंच ने भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा



कि देश अपने सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भुला सकता। पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि सैनिकों के पराक्रम और साहस की बदौलत हम आज सुरक्षित हैं। स्व. पंकज चंद्राकर ग्रुप की सुमन पांडे ने कारगिल दिवस को देश के वीर सपूतों को गौरवान्वित करने वाला अवसर बताया। इस मौके पर कारगिल युद्ध में सहभागी रहे पूर्व सैनिक कन्हैया लाल सोनी, आरपी साहू, मानिक साहू, कनक राम निषाद, रविंद्र नायक व परिषद अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने युद्ध के दौरान के अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह विषम परिस्थितियों में भी भारतीय सेना ने दुश्मनों को पीछे हटाकर कारगिल में विजय हासिल की थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं उनके परिवारजनों के साथ ही नगरवासियों ने भी भाग लिया और शहीदों की अमर गाथा को नमन किया।



### नांदगांव पटेलबाहरा में सहसामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव पटेलबाहरा दुर्गा मंच में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से रंगमंच सहसामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सरपंच भारत गेंड्रे, योगेश कुमार पटेल, मनमोहन पटेल, ओंकार पटेल, मैकुलाल पटेल, व्यास धीवर, ठाकुर राम धीवर, धनेश्वर तारक मुकेश पटेल, मुकेश चंद्राकर, टोमन धीवर, अजीत पटेल, विजय पटेल, शंकर पटेल, हसदेव धीवर समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एडवांस प्रशिक्षण शिविर में बसना विखं के 11 स्काउटर-गाइडर ने लिया हिस्सा

**सरायपाली (ग्रामीण)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग राज्य मुख्यालय द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में आयोजित एडवांस स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर में बसना विखं के 11 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। विखं शिक्षाधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला के निर्देशन पर एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त करने पर विखं में स्काउटिंग गतिविधि के संचालन को नई गति मिलेगी तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर आने वाले स्कॉउटर गाइडर नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे, जिससे विखं में स्काउटिंग को नई दिशा मिलेगी। शासकीय हाई स्कूल रोहिना के व्याख्याता कमलेश साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल के शिक्षक प्रेमचन्द साव, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर के रोहित शर्मा, हाईस्कूल जेवरा के गिरीश गजेंद्र, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़े टेमरी के शिक्षिका नीलम कुमार, बड़े टेमरी संकुल समन्वयक वारीश कुमार, शासकीय प्राथमिक शाला खवासपाली के प्रधान पाठक ललित कुमार भार, प्राथमिक शाला बनडबरी के सहायक शिक्षक कैलाश चंद साहू, प्राथमिक शाला बिजराभांठा प्रधान पाठक सुकमोती चौहान, कल्याणी साहू एवं कुसमोती साहू ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया गया। शिविर संचालक गिरीश कुमार पाढ़ी, मनीष बघेल, शैलेंद्र नायक, शत्रुघन सूर्यवंशी, राज्य संयुक्त सचिव गाइड शिवानी गणवीर, लीना वर्मा, हिना भेंसले, रोवर संचालक राज किशोर स्वर्णकार, विभूतिभूषण गुप्ता, मिलन पटेल, रेंजर विभाग रजनीकला पाटकर, सुनीता चौहान द्वारा स्काउटिंग इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रीय गान, गांठे,अनुमान लगाना, कंपास हाइक आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया। एडवांस प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने पर बीईओ विनोद कुमार शुक्ला एबीईओ बद्रीविशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विकासखंड अध्यक्ष शीत गुप्ता, विखं सचिव डॉ विवेक दास आदि ने हर्ष जताया है।

# केजी कान्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों को किया गया गणवेश वितरण

**सरायपाली।** स्थानीय केजी कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षा का अधिकार के तहत विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने अपने संबोधन में सबसे पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जयदेव सतपथी को नमन करते हुए कहा कि देश को आजाद करने में उनकी बहुमुल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार सभी वर्ग को है चाहे वो अमीर वर्ग का हो या गरीब वर्ग का। इसलिए शिक्षा का अधिकार (आरटीई) योजना सरकार द्वारा बनाई गई है। ताकि, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार के तहत सरकार बच्चों का खर्च उठाएगी। शिक्षा के प्रति ज्ञान विज्ञान, संस्थान के संचार में शिक्षक एवं विधार्थी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाश मांझी, बीआरसी सतीश स्वरूप पटेल,




अध्यक्ष सतपथी सेवा समिति के विद्या भूषण सतपथी, संरक्षक निजी विद्यालय संघ सरायपाली अमृत पटेल, विद्यालय के प्राचार्य संजय सतपथी, प्रधान पाठक सुभाष चन्द्र प्रधान, प्राचार्य आत्मानंद स्कूल मनोज पटेल, अध्यक्ष आत्मानंद स्कूल डॉ आशीष दास, सचिव शाला विकास समिति केजी कान्वेंट नवीन अग्रवाल, संचालक आरएस स्कूल बगाईजोर सुरेंद्र साहू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालक शाला के शिक्षक झास्केतन बेहेरा एवं शिक्षिका राधा शर्मा ने किया।



### मीसा बंदी जगदीश के आवास पहुंच कर वित्त मंत्री चौधरी ने की मुलाकात

**सरायपाली।** छग शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी नगर आगमन के दौरान आपात काल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा के निवास पर पहुंच कर उनके पिता वरिष्ठ जन संघी नेता एवं मीसा बंदी जगदीश लाल उबोवेजा का साल श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद लिया। वित्त मंत्री ने काफी समय तक जगदीश लाल उपोवेजा से सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान जगदीश लाल उपोवेजा ने आपातकाल के अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ संचालक सुरेन्द्र (शम्मी) उबोवेजा,ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, विधि प्रकोष्ठ संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा, युवा भाजपा नेता प्रमोद सागर, सरायपाली मंडल महामंत्री विदित धनानिया, केदुवा मंडल महामंत्री सुरोती लकड़ा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता घासीराम विश्वकर्मा, लिंगराज साहु एवं भाजपा जन उपस्थिति रहे।




## खबर संक्षेप



### विधायक से मिला रसोइयां संघ का प्रतिनिधिमंडल

**महासमुंद।** प्रदेश स्कूल रसोइयां संघ मध्याह्न भोजन की 100 से अधिक महिला रसोइयों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात की। मुलाकात में रसोईया संघ ने भाजपा के "मोदी गारंटी वादा पत्र" में रसोइयों के लिए घोषित 50% वेतन वृद्धि के वादे को शीघ्र लागू करने की मांग पुरजोर ढंग से रखी। विधायक श्री सिन्हा ने इस मांग पर गंभीरता दिखाते हुए रसोइया प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात का आश्वासन दिया। रसोईया संघ की प्रदेश प्रमुख नीलू ओगरे ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि उनके इस सहयोगात्मक रवैये से प्रदेशभर की 87 हजार से अधिक रसोइयों में सरकार के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है। जिससे प्रदेशभर में मध्यान्ह भोजन योजना से जुड़ी महिलाओं को अब जल्द ही राहत की उम्मीद बंधी है।

### आबकारी भर्ती परीक्षा के लिए छात्राओं के बाली, दुपट्टे स्कार्फ उतरवाना शर्मनाक

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने व्यापम द्वारा 27 जुलाई को आयोजित आबकारी भर्ती परीक्षा में महिला



अभ्याथियों से कान की बाली, दुपट्टा, स्कार्फ, टी शर्ट और काले कपड़े उतरवाने पर इस शर्मनाक हरकत का घोर विरोध किया है। उनका कहना है कि छात्राओं से इस तरह का व्यवहार दुर्भाग्यजनक है। एक तो सरकार युवाओं को नौकरी नहीं दे पा रही है और किसी तरह भर्ती निकली और हजारों बेरोजगार युवाओं द्वारा तैयारी करने के बाद शासन की अनियमितता के कारण हजारों अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित रह जाना साय सरकार का कुशासन दर्शाता है।


### मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ हड़ताल पर

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के बैनरतले जिले के सभी रसोईये तीन दिन की हड़ताल पर चले गए हैं। इनकी तीन प्रमुख मांगे चुनाव घोषणा पत्र के अनुसार 50 प्रतिशत मानदेय, अंशकालीन को पूर्णकालीन करते हुए रसोईया को कलेक्टर दर पर मानदेय, स्कूल से छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोईयों को काम से निकालना बंद करें। जिलाध्यक्ष इंद्राणी निषाद ने बताया कि तीन दिन की हड़ताल से स्कूलों में मध्यान्ह भोजन प्रभावित हुआ है। धरना में त्रिवेणी, गायत्री, पूनाबाई, लताबाई, संतोषी, रूक्मणि, कविता, फगनी, मालती, अंजनी, जमना, हेमिन, सुशीला, कुंती, गणेशिया, अनसुईया, रोशनी, चित्ररेखा सहित बड़ी संख्या में रसोईया शामिल हुई।

# हरेली के दिन से लापता युवक का अब तक नहीं मिला सुराग, जली हालत में हुई बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

हरेली त्योहार की रात से लापता युवक अमित चौधरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। युवक 24-25 जुलाई की रात को अपने घर से निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा। 27 जुलाई को उसकी अपाचे मोटरसाइकिल पिलवापाली के पास जंगल में जली हुई हालत में बरामद की गई। मिली जानकारी अनुसार अमित चौधरी एक निजी फाइनेंस कंपनी में रिकवरी एजेंट के रूप में कार्यरत था और वह अक्सर फील्ड में गांव-गांव जाकर कलेक्शन का कार्य करता था। घटना की सूचना मिलते ही पिथौरा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। सोमवार को डॉग स्क्वायड की मदद भी ली गई, लेकिन लगातार बारिश के चलते कोई महत्वपूर्ण सुराग हाथ नहीं लगा। लापता युवक के परिजनों का बुरा हाल है। उनके बड़े भाई अमन चौधरी ने 25 जुलाई को पिथौरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।





मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और साइबर टीम संयुक्त रूप से जांच में जुटी है। थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसके अलावा अमित के मोबाइल की लोकेशन भी जांच की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस का कहना है कि हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद से ही क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। जली हुई मोटरसाइकिल मिलने के बाद किसी अनहोनी की आशंका भी जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से युवक की बाइक जलती हुई हालत में जंगल में मिली, वह मामला गंभीर और संदिग्ध प्रतीत होता है। इस कारण पुलिस पर जल्द खुलासा करने का दबाव बढ़ता जा रहा है। युवक का मोबाइल भी बंद है। पुलिस का कहना है कि जांच में तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। फिलहाल पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और हर संभावित सुराग को खंगाला जा रहा है।

# छग जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने कलेक्टर को सौंपा 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कल्याण संघ ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर और जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिलाध्यक्ष सरोज चंद्राकर ने कलेक्टर और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी जटवार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि लंबे समय से जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कल्याण संघ द्वारा समय-समय पर अपनी लंबित मांगों को शासन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करते आए हैं, लेकिन बहुत सी हमारी मांगें जो आज भी लंबित है। जिस पर विचार करना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। और तब तक प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय मध्यप्रदेश की तर्ज पर वृद्धि की जाए। साथ ही पर्यवेक्षक भर्ती तत्काल निकाले जाए, और आयु सीमा बंधन हटाते हुए 50 प्रतिशत में पदोन्नति दी



जाए। उन्होंने कहा कि सहायिकाओं को शत प्रतिशत पदोन्नति किया जाए, और उम्र का बंधन समाप्त किया जाना चाहिए। विभाग द्वारा जारी पोषण ट्रेकर एप में कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को 5जी मोबाइल और नेट खर्च व आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाए एवं कार्यकर्ताओं का मानदेय ना काटा जाए और ना ही किसी प्रकार का दबाव बनाया जाए। ऑफलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था किया जाना चाहिए। इसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की सेवा समाप्ति पर 10 लाख दिया जाए। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को गंभीर बीमारी होने पर मेडिकल छुट्टी के साथ मानदेय दिया जाए, जिससे कि सभी को एक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो। प्रभार में दिये गये कार्यकर्ता व सहायिका को प्रोत्साहन राशि दिया जाए। छ.ग महिला कोष से कार्यकर्ता व सहायिका को ऋण उपलब्ध कराई जाए। ईंधन की राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिसे कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण 1 सिलेंडर व 1 चूल्हा उपलब्ध कराई जाए। आरटीआई के तहत 03 से 06 साल के बच्चों को स्कूल में भर्ती किया जा रहा है। जिसके कारण आंगनबाड़ियों में बच्चों की संख्या दिन प्रतिदिन कम हो रही है, इसके लिए विभाग द्वारा ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। ताकि, आंगनबाड़ियों में बच्चों की कमी ना हो। सुपोषण चौपाल की राशि एवं मातृत्व वंदना की राशि प्रत्येक माह दिया जाए। शासन द्वारा आंगनबाड़ियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें कार्यकर्ताओं के लिए राशि आती है उसका खर्च किया जाए। सम्मान सुविधा प्रणाली को भी बंद किया जाए। इस अवसर पर बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष अनंता पाण्डेय, राजकुमारी दीवान, जमुना, चुन्नी साहू, पिनिता साहू, दुर्गा ठाकुर, गीता चक्रधारी, त्रिवेणी निषाद, नर्मदा दीवान, कोयल दीवान, भावनी सुर्यवंशी, दामिनी साहू, हिरौंदी ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**सरायपाली।** बाइक चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंघोड़ा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई दो मोटरसाइकिलों को बरामद किया है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से एक एचएफ डीलक्स (क्रमांक सीजी 13 एटी 2901) जिसकी कीमत लगभग 20,000 है तथा एक बजाज पल्सर (क्रमांक सीजी 25 एम 5517) जिसकी अनुमानित कीमत 50,000 है, को जब्त किया गया है। हाल ही में प्रार्थी महादेव सिदार, निवासी परसकोल, थाना सिंघोड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने 24 जुलाई की रात उन्होंने अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल घर के सामने खड़ी की थी, जो अगली सुबह 7 बजे नदारद मिली। शिकायत के आधार पर थाना सिंघोड़ा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज



किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम पतेरापाली में दबिश दी। वहां से दो संदिग्धों जीर्वधन सेठ (23 वर्ष) और नयन यादव (24 वर्ष), दोनों निवासी पतेरापाली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए मोटरसाइकिलों की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से दोनों मोटरसाइकिलों को बरामद किया और आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# तहसीलदार व नायब तहसीलदारों की तीन दिवसीय हड़ताल शुरू



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले संसाधन "नहीं तो काम नहीं" सहित 17 सूत्रीय मांग को लेकर जिले के तहसीलदार व नायब तहसीलदार आज से तीन दिवसीय हड़ताल पर । जिससे राजस्व का काम लगभग ठप हो गया है।

लोहिया चौक पर बैठे महासमुंद तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, सरायपाली तहसीलदार श्रीधर पंडा व अन्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा पूर्व में भी तहसील कार्यालयों में पदस्थ तहसीलदारों को संसाधनों की अत्यंत कमी, मानवीय संसाधन, तकनीकी सुविधाएं, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग की अनुपलब्धता से कार्य निष्पादन में गंभीर कठिनाइयों के संबंध में विभाग एवं शासन को समय-समय पर विभिन्न समस्याओं से शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है और 26 जुलाई तक मांगें पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी थी पर शासन ने ध्यान नहीं दिया। आज जिलास्तरीय हड़ताल है, 29 को संभाग स्तर पर एवं 30 को प्रांत स्तर पर हड़ताल पर रहेंगे। तहसीलदारों का कहना है कि 30 जुलाई को शासन से हमारा प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा, उसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी तहसील में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पर पदोन्नति प्रक्रिया में 50-50 अनुपात रखा जाए, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित की जाए, ग्रेड पे में शीघ्र सुधार, शासकीय वाहन की उपलब्धता, निलंबन से बहाली, न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर नहीं, न्यायालय में उपस्थिति हेतु व्यवस्था, मानदेय भुगतान एवं नियुक्ति, प्रशिक्षित आपरेटर की नियुक्ति, रछफ/अरछफ की बहाली, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर गोपनीयता, सुरक्षाकर्मी, सड़क दुर्घटना मुआवजा की व्यवस्था, संघ की मान्यता एवं विशेषज्ञ कमेटी का गठन मांगों में शामिल है। गौरतलब है कि जिले के 6 तहसीलों में 16 नायब तहसीलदार व तहसीलदार हैं। हड़ताल से राजस्व का काम ठप सा हो गया है।

# बागबाहरा चिकित्सक संघ का हुआ गठन राजेंद्र अध्यक्ष, कोष संभालेंगे ललित

**महासमुंद।** चिकित्सक संघ बागबाहरा का गठन गत दिनों खल्लारी स्थापना मंदिर समिति करमापटपर में की गई। भगवान धन्वंतरी की पूजा -अर्चना के बाद विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया। अध्यक्ष हेतु डॉ. राजेंद्र शर्मा पटपरपाली, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. चेतन साहू, कोषाध्यक्ष ललित कुमार चक्रधारी बागबाहरा, सहसचिव डॉ. झूमुख लाल साहू, उपाध्यक्ष कबीर साहू, डॉ. लक्ष्मण साहू, डॉ. शिव साहू, डॉ. उदय साहू पचेड़ा, डॉ. किशोर साहू, डॉ. जगत चक्रधारी सोहागपुर, मीडिया प्रभारी विनोद कुमार साहू, डॉ. डायमंड कोरिया, डॉ. चंद्रहास निषाद ग्रामीण चिकित्सक संघ के सलाहकार डॉ. गोविंद साहू, डॉ. बलराम सिंह की नियुक्ति की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण चिकित्सक सम्मिलित हुए। चिकित्सक संघ ने भविष्य में संघ को और मजबूत करने बहुत सारे नियम बनाए हैं। कार्यक्रम में डॉ उमाशंकर मिश्रा, रामेश्वर सिंह, दीपेश्वरी देवांगन, भीखलाल चंद्राकर, शिव साहू, बसंत चंद्राकर, चंद्रहास निषाद, प्रकाश नामदेव, किशन निर्मलकर, धनेश साहू, गोकुल साहू, कबीर साहू, रूप सिंह दीवान, द्वारका प्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू, प्रीतम साहू, ईश्वर साहू, संकेश्वर ठाकुर, मिलन कैलाश सिंह, सोहन पटेल, मोहित सिंह, खिलावन विश्वकर्मा, नागेश्वर पटेल, बलराम सिंह, मोहित साहू, डायमंड, राजू निषाद, गणेशाराम साहू, तंवर निषाद, सुनील



कुमार साहू, लक्ष्मण साहू, मोहित कुमार यादव, आशाराम साहू, गजेंद्र साहू रामेश्वर पटेल, देवनाथ साहु, धनुराम साहू, लक्ष्मण प्रसाद साहू, उदय राम साहू, देव साहू राज जांगड़े, भीखम लाल पटेल, डॉ राजेंद्र कुमार साहू, लोकनाथ साहू, लेखराम साहू, विनोद साहू, गुणनिधि पटेल, विकी सिंह, वेदनाथ टंडन, किशोर साहू, शालिग्राम साहू जगतराम चक्रधारी, डॉ झूमुख साहू, पुराणिक पटेल, रमेश कुमार साहू, यशवंत, सुरेश कुमार साहू, द्वारिका कुमार साहू, विक्रम कुमार साहू, नंदकुमार निषाद, नेहरू साहू, कुलेश्वर प्रसाद, घनश्याम पटेल, लेख राम जगत, रेखराज साहू, ताराचंद साहू, डॉ. हेमलाल साहू, डॉ. दयाराम पटेल आदि बागबाहरा ब्लॉक के समस्त ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित थे।

## Notes

I Mr. Mayank Raj Bagga son of Mr. Vikas Bagga resident of Ward no. 8 Main Road Bagbahara Dist Mahasamund CG do hereby solemnly affirm and declare as under: -

1. That I am citizen of India.
2. I have passed my class 10 board exam (ICSE) in year 2019 and class 12 board exam (ISC) in year 2021 from Rajkumar College Raipur Chhattisgarh affiliated to CISCE (Council for the Indian School Certificate Examination) New Delhi with UID no. 6929242
3. That i have lost Statement of marks and pass certificate of class 10th and 12th issued to me.
4. I submit this affidavit to the competent authority for the purpose of issuance of duplicate Statement of marks and Passing certificate pertaining to both ICSE and ISC examinations.
5. The duplicate marksheet shall be returned to the school once my original marksheet are recovered by chance.
6. That my above statements are true and correct.

Seal Signature



## खबर संक्षेप



### कोमाखान में किया गया पौधरोपण

**नर्रा।** एक पेड़ मां के नाम के तहत रेल्वे स्टेशन रोड कोमाखान में पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय सरपंच जँवा बाई ठाकुर रही। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के पर्यवेक्षक हिमांशु जयसवाल, समिति प्रबंधक कोमाखान रूपेश सिन्हा, समिति प्रबंधक बकमा राजेन्द्र साहू, समिति प्रबंधक देवरी भेखराम यादव समेत पंचायत के प्रतिनिधि पंच मनोज चौधरी, नाजरा बेगम, शंकुतला बघेल आदि ने संयुक्त रूप से छायादार पौधों का रोपण किया गया।



### प्रयास विद्यालय के लिए दो का चयन

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली के छात्रा धारनी दीवान एवं तनुजा ध्रुव का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। शाला विकास समिति अध्यक्ष गेशकुमार पटेल, प्रधान पाठक शंकरलाल दीवान, शिक्षक अमित मार्टीन, रंजीत कौर छाबड़ा शिक्षिका, ललित पटेल शिक्षक, कुलेश दीवान शिक्षिका, भुनेश्वर नायक शिक्षक, सौरभ सिंह समेत पालकों में हर्ष व्याप्त है।



### महादेव को बेल पत्र से सजाकर की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में तृतीय सावन सोमवार को ओंकारेश्वर महादेव को बेल पत्र से सजाकर पूजा अर्चना की गई। मोनिका चन्द्राकर, गायत्री चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, शिवकुमारी चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर ने बताया कि सावन महीना का सोमवार का दिन भगवान महादेव में बेल पत्र और एक लोटा जल चढ़ाने से विशेष लाभ मिलता है, क्योंकि सावन का महीना भगवान महादेव को समर्पित माना गया है। बेल पत्र के तीन पत्ते ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक माने जाते हैं। इसे शिवलिंग पर चढ़ाना त्रिदेवों की आराधना के समान फलदायक होता है। माना जाता है कि बेल पत्र चढ़ाने से मानसिक शांति मिलती है। जीवन में संतुलन आता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

# पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक एवं पूजन में शामिल हुए भाजपा संभाग प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपत्नीक रुद्राभिषेक में शामिल हुए। वहीं श्रावण सोमवार के दिन रुद्राभिषेक में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पूजा स्थल पहुंचे।

पूजा में शामिल होने पहुंचे रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि जिसने भी सच्चे मन से भगवान महादेव की पूजा अर्चना की वें हर कष्टों से दूर रहते हैं। महादेव सबका कष्ट हरने वाले हैं।

## श्रावण सोमवार के दिन रुद्राभिषेक में शामिल होने के लिए पहुंचे श्रद्धालुगण

### श्रावण सोमवार को हुआ रुद्राक्ष वितरण

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन के दौरान रुद्राक्ष का वितरण किया जा रहा है। श्रावण मास के तृतीय सोमवार को पूजा स्थल में रुद्राक्ष वितरण किया गया। इसके बाद 4 अगस्त को सोमवार के दिन रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुगण श्रावण के पवित्र मास में आयोजित महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त कर सकते हैं।



### यह रहे उपस्थित

रुद्राभिषेक में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, वरिष्ठ नेतागण संदीप घोष, मुन्ना साहू, मनीष शर्मा, आनंद गिरी, आनंद साहू, पप्पू ठाकुर, सुनैना ठाकुर, महेंद्र सिक्का, अभिषेक पांडे सहित अन्य नेतागण एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

श्रावण माह में महादेव की पूजा अर्चना करने से विशेष फल प्राप्त होता है। उन्होंने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को इस पुण्य कार्य के आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें कि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा लगातार 10वें वर्ष में श्रावण मास में महारूद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष श्रावण मास की शुरुआत से श्रावण पूर्णिमा तक यह आयोजन किया जाता है। इस बार भी मास के प्रथम दिन से शुरू होकर एक माह का महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम जारी है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भगवान महादेव की सेवा से आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। महादेव अपने भक्तों से सभी दुख और पीड़ा को हर लेते हैं।

## आयोजन: नपाध्यक्ष ने अनेक मांगों को लेकर डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

# बागबाहरा में 2 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगर पालिक बागबाहरा अंतर्गत लगभग 2 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। जिसमें भूमिपूजन के 43 लाख और लोकार्पण के 1 करोड़ 57 लाख रूपए शामिल है। उन्होंने झलप चौक के सामने अटल परिसर का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री साव ने अटल परिसर में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, जगन्नाथ पाणिग्रही, अलका चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डिपल ध्रुव, स्मिता चंद्राकर, मोनिका साहू सहित पार्षद मंच पर विराजमान रहे।

कृषि उपज मंडी प्रांगण में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अरुण साव कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ियों का मान सम्मान करते हुए अलग राज्य बनाया। आज उनकी वजह से ही यह छत्तीसगढ़ विकास की राह में लगातार आगे बढ़ रहा है। अटल के देश के विकास में योगदान को याद करने के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित की जा रही है। छत्तीसगढ़ बनने के पूर्व यहां आशिक्षा बेरोजगारी थी। छत्तीसगढ़ अलग राज्य बनने के बाद यहां विकास के नया कृतिमान स्थापित किया है। अटल की ही देन है कि ग्रामीण सड़कों मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए ग्रामीण सड़क योजना से गांव की सड़कों का पक्का निर्माण हुआ। साव ने आगे कहा कि आज पूरे छत्तीसगढ़ में मोदी गारंटी को पूरा किया जा रहा है। शपथ लेने के बाद ही विष्णुदेव की सरकार ने तत्काल 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति प्रदान किया। पिछली सरकार के बोनस सहित किसानों को एक मुस्त फसल तथा 21 क्विंटल धान की खरीदी विष्णुदेव सरकार द्वारा की जा रही है। 70 लाख माता बहनों को महतारी वंदना की राशि हर महीने की पहली तारीख को उनके खातों में पहुंच रही है। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को की जिम्मेदारी होनी चाहिए, जिससे हमारा नगर स्वच्छ बना रहे हैं। जिससे आने वाले समय में बागबाहरा को भी राष्ट्रीय स्तर का इनाम मिल सके। बागबाहरा नगर में विकास के लिए 2 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

इस अवसर पर पार्षद सविता दीवान, शैलेश साहू, कुलेश देवांगन, प्रीति गुप्ता, रमेश ठाकुर, मंताराम यादव, मेनका पोखराज साहू, मिथुन अमीर, थानूराम पाड़े, प्रेम साहू, श्यामा लोकू चंद्राकर, शिवा जगत, अनिता अजीत तांडी, मंडल भाजपा अध्यक्ष लोकेश पनुरिया, रूपेश साहू के अलावा नरेश चंद्राकर, मदन देवांगन, हेमंत तिवारी, शंकर तांडी, पीलेश्वर पटेल, संजय मालवे, अतुल गंडेचा, डेविड साहू, तुकाराम चंद्राकर, राहुल अग्रवाल, भोजनाथ देवांगन, बाला चंद्राकर, दुबेलाल साहू, स्मिता चंद्राकर, मोनिका साहू, थानसिंग दीवान, नितेश पांडेय, अरविंद छाबड़ा, आबिद खान, राजा देवांगन, एवन साहू पुनम सिरी अशोक दीप नारायण तांडी, गजेंद्र साह, शशिप्रताप ठाकुर आदि उपस्थित थे। संचालन चंद्रशेखर ध्रुव तथा आभार प्रदर्शन सीएमओ गिरीश चंद्रा ने किया। इस अवसर पर नगर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विकास के लिए भाजपा अग्रसरः सांसद रूपकुमारी

महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विकास के लिए हमेशा अग्रसर रहती है। बिना किसी भेदभाव के नगर विकास के लिए तत्पर पर रहती है। उन्होंने स्वर्गीय अटल बिहारी के अनावरण पर नगर वासियों को बधाई देते इसे ऐतिहासिक दिन बताया। नगर में प्रतिमा अनावरण हुआ। आज मोदी की एक एक गारंटी विष्णुदेव सरकार के द्वारा पूरा किया जा रहा है। आवास किसानों को बोनस, 21 क्विंटल धान, खरीदी 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदना सहित अनेक गारंटी को पुरा किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश्वरी बघेल ने नगर में सुदृढ़ पेयजल के लिए अमृत मिशन 2.0 के तहत निसदा बैराज या समोदा बैराज से पानी आपूर्ति की सुविधा की स्वीकृति देने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने वार्ड-1 में आडिटोरियम निर्माण के लिए 7 करोड़, वार्ड 2 में ई-लाइब्रेरी हेतु डेढ़ करोड़, गाड़ा समाज सामुदायिक भवन हेतु डेढ़ करोड़, पत्रकार सदन हेतु 20 लाख एवं पिथौरा रोड़ पर स्व. भेखराम साहू के नाम से प्रवेश द्वार बनाए जाने हेतु 20 लाख रुपए प्रदान करने की मांग की।

## भलेसर के भोलेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह की अंतिम सोमवार को होगा महाजलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कोमाखान तहसील क्षेत्र के ग्राम भलेसर के पश्चिमी भाग में बड़े तालाब के किनारे एक प्राचीन शिव मंदिर है, जिसे भोलेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर पूर्वाभिमुखी है। जिसके गर्भगृह में विशाल शिवलिंग स्थापित है। शिवलिंग की ऊँचाई लगभग 105 सेमी है। शिवलिंग का रूद्रभाग खंडित है, लेकिन सामने भाग में यज्ञोपवित अथवा ब्रह्म सूत्र का अंकन स्पष्ट है। शिवलिंग का नीचला वर्गाकार है, जो आधा से ज्यादा जमीन में दबा हुआ है। इस शिवलिंग काले पत्थर से निर्मित है और आकृति एवं प्रकृति की दृष्टि से सिरपुर के प्राचीन शिवलिंगो के समान प्रतीत है।

उल्लेखनीय है कि महासमुंद जिले में महानदी के तट पर स्थित सिरपुर शरभपुरीय और पाण्डुवंशी राजाओं की राजधानी थी, जो कि प्राचीन काल में यह क्षेत्र दक्षिण कोशल कहलाता था। वही ग्राम भलेसर से सिरपुर की दूरी लगभग 80 किमी है और यह महानदी की सहायक नदी जोंक नदी घाटी में स्थित है। ग्राम भलेसर स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर का नाम पड़ा भोलेश्वर महादेव। सिरपुर के राजा महाशिवगुप्त बालार्जुन के सिरपुर से प्राप्त ताम्रपत्र में बालेश्वर तपोवन स्थल का उल्लेख मिलता है। संस्कृत भाषा के बालेश्वर शब्द का अपभ्रंश भलेसर होना स्वाभाविक है, जिससे यह संभव है कि भलेसर गांव स्थित यह प्राचीन मंदिर ही पाण्डुवंशी काल का बालेश्वर तपोवन स्थल है। इस प्राचीन मंदिर के खंडहरों का जीर्णोध्दार कर ग्रामीणजनों ने मण्डप और शिखर का निर्माण कराया गया है, जिसमें मंदिर परिसर में प्राचीन स्थापत्य खंड के अवशेष बिखरे है जो भलेसर गांव की प्राचीन गौरव के साक्षी हैं। बीते दिनों राजधानी से पुरातत्व अधिकारी का आगमन हुआ था। उनके द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई थी। जिसमें बोल बम कांवरिया विकास समिति के अध्यक्ष मंडलेश्वर सचिव हरीशचंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष तेजस्वी चंद्राकर एवं पंकज नाथ योगी के साथ सदस्य रेखराम, रमन, बलराम सिन्हा हेमलाल सहित ग्रामवासी मौजूद थे। इस सावन महोत्सव के आखरी सोमवार यानी 4 अगस्त को भोलेश्वर नाथ महादेव भलेसर में बोलबम विकास समिति एव क्षेत्रवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ी लोक गायक पं विवेक शर्मा स्टार नाईट म्यूजिकल ग्रुप रायपुर का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप महासमुंद लोक सभा सांसद रूप कुमारी चौधरी शिरकत करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, अल्का नरेश चंद्राकर, पूर्व सरपंच प्रेमशंकर सिन्हा होंगे।



### यादव समाज ने किया कांवरियों को चाय नास्ता व फल का वितरण

**बिरकोनी।** ग्राम सिरपुर के राधाकृष्ण मंदिर परिसर में रविवार को यादव समाज के सदस्यों द्वारा कावरियों को जलपान कराया गया। सिरपुर नगरी गंधेश्वर महादेव में जल अभिषेक के लिए आने वाले बोल बम कांवड़ियों और पदयात्रियों के लिए रविवार को सेवा दी गई। इस अवसर पर भोरिंग परिक्षेत्र के अध्यक्ष लीलाधर यादव, प्रदेशाध्यक्ष प्रीतम यादव, बागबाहरा के अध्यक्ष चरण यादव, महामंत्री ईश्वर यादव, पुष्कर यादव, गोलू यादव उपस्थित थे। उक्त जानकारी नरसिंग यादव ने दी है।

## बनपचरी स्कूल में छात्रसंघ का हुआ गठन, खुशबूरानी बनीं शाला नायक

**महासुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनपचरी में सत्र 2025-26 के लिए नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शालेय छात्रसंघ का गठन किया गया। यह कार्य प्राचार्य कुमार लाल साहू के मार्गदर्शन और छात्रसंघ प्रभारी पूर्णिमा मानिकपुरी, स्टॉफ निकिता चंद्राकर, पीआर साहू, पार्वती विश्वकर्मा की उपस्थिति में किया गया। छात्रसंघ में शाला नायक खुशबुरानी ध्रुव, उपशाला नायक देवेंद्र चक्रधारी, सचिव प्रेरणा पटेल, उपसचिव रेखराम साहू, स्कूल ऑफिसर केशव ध्रुव, अनुशासन प्रभारी किरण ध्रुव, क्रीड़ा प्रभारी हेमलता ध्रुव, बागवानी प्रभारी हेमंत ध्रुव, सांस्कृतिक प्रभारी पल्लवी ध्रुव, साहित्यिक प्रभारी सुमन ध्रुव, रेडक्रॉस प्रभारी दीक्षित यादव, स्काउट प्रभारी वर्षा ध्रुव, स्वच्छता प्रभारी ममता केसरिया, पेयजल प्रभारी सत्तू ध्रुव चुने गए। छात्र संघ गठन पश्चात सभी पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई और शाला अनुशासन तथा व्यवस्था बनाए रखने में छात्रसंघ की भूमिका निर्वहन की पूरी जानकारी दी गई।



## महाविद्यालय में शेष रिक्त सीटों में प्रवेश प्रक्रियाधीन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश प्रभारी डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2025- 26 में उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश मार्गदर्शिका अनुसार प्रवेश प्रक्रिया जारी है। 25 जुलाई तक महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कुल 2040 सीटों के विरुद्ध लगभग 1329 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। 711 सीट प्रवेश के लिए रिक्त है। मार्गदर्शिका सिद्धांत में उल्लेखित नियमों के अनुसार आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए गुणानुक्रम के आधार महाविद्यालय में प्रवेश के लिए उपस्थित विद्यार्थियों के मध्य रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रवेश प्रदान किया गया।




## घुंचापाली में हुई स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की बैठक

# जिला स्तरीय बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ जिला महासमुंद की जिला स्तरीय बैठक घुंचापाली मां चंडी मंदिर प्रांगण (बागबाहरा) में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसमें जिला स्तर पर अब तक आय व्यय का ब्यौरा, ऑनलाइन कार्य पर टीओआर और आरओपी पर विस्तृत चर्चा, स्थानीय ब्लॉक एवं जिला स्तर की कर्मचारियों की समस्या पर रणनीति, प्रांत की आगामी रणनीति के बारे में प्रदेश प्रवक्ता सुरेश पटेल द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। बागबाहरा ब्लॉक में कई राष्ट्रीय कार्यक्रम की राशि समय पर प्रदान न कर कर्मचारियों को परेशान किए जाने पर बीएमओ बागबाहरा से मिलकर चर्चा किया जाना है। साथ ही सीएमएचओ और कलेक्टर के पास बागबाहरा की अनियमितता पर भी शिकायत को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रांतीय टीम के महामंत्री आरके अवस्थी, प्रदेश प्रवक्ता एवं संभागीयध्यक्ष सुरेश पटेल, जिलाध्यक्ष विनय कुमार प्रधान, पूर्व जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष आरके पैकरा, पांचों ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष, संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इनके त्वरित निराकरण के लिए कार्ययोजना भी बनाई गयी। जिलाध्यक्ष विनय प्रधान ने बताया कि कर्मचारी से पदाधिकारी है, प्रत्येक कर्मचारी का समस्या का निवारण हो यही हमारी प्राथमिकता है। कर्मचारियों से जो भी ऑनलाइन कार्य लिया जा रहा है, उसका एक निर्धारित मानदेय का प्रावधान है जो अभी तक अप्राप्त है हमारा प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द यह मानदेय सभी कर्मचारी को मिले। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 249 से संबद्ध है। जिलाध्यक्ष ओम नारायण शर्मा और सचिव सुरेश पटेल नेत्तृत्व में जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें मनोज कुमार गायकवाड़ बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष, डिगेन्द्र परमार जी बागबाहरा ब्लॉक सचिव, अजित कुमार साव बसना ब्लॉक अध्यक्ष, राजू पटेल बसना ब्लॉक सचिव, डोलमणी भोई सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष, यशपाल पटेल सरायपाली ब्लॉक सचिव चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ लेते हुए कहा कि कर्मचारी हित में कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकांता साहू ने किया।

## सामान्य सभा की बैठक 4 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सोमवार 04 अगस्त 2025 को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों तथा बैठक से तीन दिवस पूर्व (01 अगस्त) तक विभागीय जानकारी 30 प्रतियों में फोल्डर सहित पीपीटी प्रारूप में जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा है। बैठक में कृषि विभाग, सहकारिता एवं उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, वन , महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग की समीक्षा की जाएगी।

